हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा सरकार अगले महीने स्वचालित राजस्व प्रशासन प्रणाली शुरू करेगी ।

2. हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि नई खरीद प्रक्रिया किसानों के हित में है, किसानों की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा ।

3. भारतीय जनता पार्टी का गाँव चलो - बस्ती चलो अभियान सम्पन्न हुआ, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्□ा ने सभी से लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया ।

4. प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया ।

5. विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने महिलाओं को HPV वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित किया।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार अगले महीने एक स्वचालित राजस्व प्रशासन प्रणाली शुरू करेगी, जो कागज रहित होगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि आगामी स्वचालित प्रणाली हरियाणा के राजस्व प्रशासन में एक नया अध्याय शुरू करेगी, जिसमें इंतकाल, पंजीकरण और रिकॉर्ड प्रबंधन को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। नागरिक ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे, डिजिटल रिकॉर्ड देख सकेंगे और जल्दी

स्वीकृति प्राप्त कर सकेंगे, जिससे कार्यालयों के चक्कर कम होंगे और देरी में कमी आएगी।

---

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा आज नरवाना की मेला मंडी स्थित अनाज मंडी में  किसानों, आढ़तियों और अधिकारियों के साथ मुलाकात की।

उन्होंने किसानों की  समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अमित □ाकल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मंडी गेट पर विरोध कर रहे किसानों से  भी बातचीत की। उन्होंने सरकार की नई नीतियों को विस्तार से समझाते हुए कहा कि ये फैसले किसानों के हित में हैं, नुकसान के लिए नहीं।

श्री श्याम सिंह राम ने कहा कि विपक्ष  का काम सवाल उठाना  है।

उन्होंने कहा कि सामान्य बारिश से फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं होता, लेकिन आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से नुकसान की संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

फ़सम बीमा योजना को लेकर उन्होंने कहा -

कृषि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार अप्रैल माह में सभी मंत्री और विधायक मंडियों में मौजूद रहेंगे, ताकि किसानों और आढ़तियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य  पर किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

किसान संगठनों के विरोध पर मंत्री ने कहा कि नई प्रक्रिया लागू होने पर शंकाएं होना स्वाभाविक है। जैसे-जैसे समस्याएं दूर होंगी, विरोध भी खत्म हो

जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले सीधे खातों में भुगतान को लेकर भी संदेह था, लेकिन आज किसान इससे संतुष्ट हैं।

------------------------------------------------------------------------------------------
-------------------------

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्यमें 7 अप्रैलसे 12 अप्रैल तक चलाए जा रहे "गांव चलो-बस्ती चलो" अभियान के अंतर्गत हरियाणाविधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्□ा ने आज जींद हलके के आधा दर्जन से अधिकगांवों तथा शहर की विभिन्न बस्तियों का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने स्थानीयनागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारीयोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में डॉ. मिड्□ा ने कहा-

भाखड़ा नहर के पानी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतरसंबंधित अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है और इस पर कार्य शीघ्र शुरू होगा। वहींजींद में मेडिकल कॉलेज को लेकर उन्होंने आशा व्यक्त की कि इसी वर्ष विद्यार्थियोंके प्रवेश शुरू हो सकते हैं।किसानोंकी समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि मंडी व्यवस्था में कुछकठिनाइयां सामने आई हैं, लेकिनसरकार इस दिशा में सुधार के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों सेआने वाले माल के कारण स्थानीय किसानों को दिक्कत होती थी, जिसे दूर करने के लिए नए नियमलागू किए गए हैं। साथ ही प्रक्रिया को सरल बनाने और तकनीकी सुधारों के माध्यम सेकार्य को तेज करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।महिलाओंके लिए लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण के विषय पर उन्होंने इसे एक सकारात्मक कदम बतातेहुए इसका समर्थन किया।

------------------------------------------------------------------------------------------
-------------------------

कुरुक्षेत्र में 13 व 14 अप्रैल को केडीबी मेला ग्राउंड मेंबैसाखी महोत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमका आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में पंजाब और

हरियाणा कीपरम्परागत लोक संस्कृति, ग्रामीण परिवेश के साथ-साथ दस्तारबंदी, हरियाणवी स्टाईलपगड़ी, गतका, दंगल और महिलाओं की परंपरागत खेले अपने आप में एक आकर्षण काकेन्द्र रहेगी। इस महोत्सव में लगने वाले मेले में दूर दराज से आनेवाले पर्यटकों को हरियाणवी और पंजाबी व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री के ओएसडी डा. प्रभलीनसिंह ने बताया –

इस महोत्सव में 13 अप्रैल को प्रसिद्धकलाकार लखविन्द्र वडाली की कल्चरल नाईट होगी, वहीं 14 अप्रैल को प्रसिद्ध लोक कलाकारकुलविन्द्र बिल्ला अपनी प्रस्तुति देंगे।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रख्यातगायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकाअंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। उनको सीनेमें संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गयाथा। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा ।आशा भोसले ने अपने आठ दशकों से भी अधिक लंबे कार्यकाल में विभिन्नभाषाओं में 12,500 से ज्यामदा गीत रिकॉर्ड किए।

उन्हें दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अठारहमहाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार, नौफिल्मफेयर पुरस्कार जिनमें एक लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी शामिल है, तथा सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायन के लिएरिकॉर्ड सात फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष 2000 में उन्हें सिनेमा के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मानदादासाहेब फालके पुरस्कार प्रदान किया गया।वर्ष2008 में भारत सरकार ने उन्हें देश केदूसरे सर्वोच्च नागरी सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्डरिकॉर्ड्स ने 2011 में उन्हें संगीत इतिहास की सबसे अधिकरिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में मान्यता दी। उनके निधन से संगीत जगत

मेंएक ऐसी कमी पैदा हो गई है,जिसे भर पाना असंभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आशा भोसलेके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले के निधन से संगीतजगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कई पीढ़ियों ने उनके गीत सुने औरगुनगुनाए हैं और उनकी मधुर आवाज़ की गूंज सदैव रहेगी।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज महिलाओं को एचपीवी (HPV) वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार की ओर से लॉन्च की गई एचपीवी वैक्सीन बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी। श्री कल्याण आज आईएमए की ओर से आयोजित वॉकथॉन के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। करनाल क्लब से नागरिक अस्पताल तक इस वॉकथॉन  का आयोजन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया गया। इसमें आईएमए के सदस्यों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------